तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 ग्रामीण अंचलों में नई पीडीएस दुकान खोलने की रफ्तार धीमी




## खबर संक्षेप

### केबीएल सीजन-2 का आगाज आज से

**कोरबा।** एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के तत्वावधान में 19 सितंबर को कोरबा बैडमिंटन लीग (केबीएल 2) के दूसरे सीजन का भव्य आगाज होगा। इस बार चैंपियनशिप में पावरसिटी कोरबा से 30 टीमें भाग लेने पंजीकृत हो चुकी हैं। इनमें मेजबान क्लब एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अलावा पुष्पा क्लब, न्यूक्लियस एनटीपीसी, एसईसीएल कोरबा, गेवरा-दीपका, सीएसईबी पूर्व एवं पश्चिम, पावर इंजीनियर्स, बालको शटलर्स समेत विभिन्न औद्योगिक प्रबंधनों, रोटरी क्लब, एनकेएच कोरबा, हसदेव क्लब, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, टीम राजपूत, समेत जिलेभर की एनर्जेटिक कार्पोरेट टीमें भाग ले रहीं हैं। लगातार आ रही मांग व अत्याधिक उत्साह को देखते हुए इस वर्ष प्रतियोगिता में 20-25 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

### घर की छत पर दिखा अजगर, किया रेस्क्यू

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 ब्लॉक झरना पारा में स्थानीय लोगों ने एक घर की छत पर लगभग 10 फुट लंबा अजगर देखा तो उन्होंने इसकी सूचना सर्पमित्र की टीम को दी। टीम मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। सर्पमित्र ने बताया कि अजगर भूखा था और बारिश के मौसम में अक्सर यह खुले इलाकों या घरों के पास दिखाई देते हैं। इसमें किसी भी प्रकार का जहर नहीं होता पर यह अपने शिकार की दम घोटकर मारने की क्षमता रखता है। अजगर को पकड़ने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया है।

### कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्वेश्वर एनीकट की घटना, लापता युवती की खोज में जुटी है पुलिस

# परिजन ने शादी से किया इनकार तो प्रेमी जोड़े ने नदी में लगा दी छलांग, युवक की बची जान, युवती लापता



सर्वेश्वर एनीकट जहां प्रेमी जोड़े ने लगाई छलांग।



रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब युवती के परिजनों को इस प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला तो उसने अपने प्रेमी युवक से शादी करने की बात कही थी लेकिन यह बात परिजनों को नागवार गुजरी और शादी से इनकार कर दिया था लेकिन प्रेमी जोड़े ने एक साथ जीने मरने की कसमें खाई थी और आत्महत्या करने की नीयत से दोनों प्रेमी जोड़े हसदेव दर्री बराज स्थित सर्वेश्वर एनीकट पहुंच गए। जहां से दोनों ने छलांग लगा दी। युवक कुछ दूर आगे बहकर एक टापू में फस गया और युवती पानी के तेज बहाव में बह गई। जैसे ही युवक के टापू में फंसने की सूचना पुलिस के अधिकारियों तक पहुंची। पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और गोताखोर व पुलिस की टीम में घंटों मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है लेकिन युवती का कुछ पता नहीं चल पाया है। युवक को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है जबकि युवती की लगातार खोजबीन की जा रही है।

**खास बात**

- पुलिस कर्मियों ने ट्यूब लेकर नदी में लगाई थी छलांग, मोटर बोट की मदद से निकाला गया बाहर

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपी नगर अटल आवास निवासी शीलू त्रिपाठी उम्र 21 वर्ष और काशीनगर निवासी राहुल नामदेव 25 वर्ष के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे लेकिन जब शीलू त्रिपाठी के परिजनों को इस प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला तो उन्होंने फटकार लगाई और उन्होंने राहुल नामदेव से शादी करने से साफ इनकार कर दिया था। जिसके बाद राहुल नामदेव और शीलू त्रिपाठी गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सर्वेश्वर एनिकट पहुंचे और दोनों युवक युवती एक साथ नदी में छलांग लगा दिया। युवक को हल्का तैरना आता था वह बहते बहते एक टापू में जा फंसा और वह बाहर निकल गया लेकिन युवती पानी की तेज बहाव में बह गई। दोपहर लगभग 12 बजे डायल 112 को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना नगर कोतवाल मोती पटेल को दी। युवक के नदी के बीचोंबीच खड़े होने की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, सुनील राजपूत, रमदान पटेल, संदीप टंडन, प्यारेलाल मौके ⏭ शेष पेज 3 पर

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने लगाई फांसी

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकासनगर एमडी कॉलोनी में एक निजी आवास में रहने वाले जय श्रीवास उम्र लगभग 28 वर्ष पिता सुखसागर ने बीते बुधवार की देर शाम घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक विकासनगर शिव मंदिर चौक स्थित ब्लू बॉयज सेलून में कार्यरत था और मूलतः चारपारा बलौदा बाजार का निवासी था। उसकी एक 4 वर्ष की बेटी भी है। बताया जा रहा है कि बीते दिन विश्वकर्मा पूजा देखने वह सेलून से जल्दी निकल गया। एमडी कॉलोनी स्थित घर पहुंचा जहां किसी बात को लेकर उसकी और पत्नी के बीच कहा सुनी हो गई। बताया जा रहा है कि जय ने पत्नी को किचन में बंद कर दिया और अपने रुम में जाकर दुपट्टे से फांसी लगा लिया, इधर अनहोनी की आशंका में पत्नी चीखने चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाला गोलू श्रीवास मौके पर पहुंचा। दरवाजा खोलने की कोशिश करने लगा दरवाजा अंदर से बाद था। जिसके बाद वह खिड़की को तोड़कर अंदर घुसा और फंदे में लटके जय को तुरंत नीचे उतारा। आसपास के लोग भी आवाज सुनकर पहुंचे। लोगों ने बताया कि जय की हल्की सांस चल रही थी, उसे आनन फानन में नजदीक के एसईसीएल अस्पताल ले जाया गया परंतु उसकी जान नहीं बच सकी।



बांगो बांध का खुला हुआ गेट।

## बांगो बांध के तीन गेट की हाईट की गई कम, कभी भी किया जा सकता है बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में फिर से दो दिनों पूर्व लगातार तेज बारिश हुई थी। जिसके चलते बांगो बांध का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ा था। जिसके चलते बांगो बांध को एक महीने में ही दूसरी बार खोला गया था और तीन गेट से लगातार पानी छोड़ा जा रहा था लेकिन अब बांध में पानी आने का सिलसिला कम हो चुका है और बांगो बांध के खोले गए तीनों गेट की हाईट को लगातार कम किया जा रहा है और पानी छोड़ने का सिलसिला भी कम किया जा रहा है। हालांकि अभी बांध के तीनों गेट को बंद नहीं किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि देर रात को फिर से शुक्रवार की सुबह तक पानी का फ्लो यदि कम होता है तो गेट को बंद किया जा सकता है।

**खास बात**

- 13 हजार 740 क्यूसेक पानी हसदेव नदी मं किया जा रहा डिस्चार्ज

फिलहाल अभी बांगो बांध के गेट से पानी की आवक में कमी के कारण 18 सितंबर को शाम 6 बजे जलस्तर 358.15 मीटर तक पहुंच गया। गेट संख्या 8 और गेट संख्या 4, जो 0.30-0.30 मीटर खुले थे, उसे शाम 6 बजे कम करके 0.20-0.20 मीटर एवं गेट संख्या 6 जो 0.80 मीटर खुला था उसे कम करके 0.40 मीटर कर दिया गया है। परिणामस्वरूप, रेडियल गेटों से कुल डिस्चार्ज 8277 क्यूसेक से घटकर 4740 क्यूसेक हो गया। वर्तमान में गेट संख्या 4, 6, और 8 खुले हैं और जलविद्युत संयंत्रों की तीन इकाईयां पूरी क्षमता से चल रही हैं और 9 हजार क्यूसेक पानी छोड़ रही हैं। इस प्रकार शाम 6 बजे मिनीमाता बांगो बांध से कुल डिस्चार्ज 13 हजार 740 क्यूसेक है पानी की आवक कम होने पर आवश्यकतानुसार गेट से डिस्चार्ज कम/बन्द किया जाएगा।




## खबर संक्षेप



### आवास चौपाल का किया गया आयोजन

**कोरबा।** जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत सोनगुड़ा (औराकछार) में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कौशाम्बी गबेल मैडम ने हितग्राहियों से आवास निर्माण की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों ने अपने आवास का प्लिंथ कार्य पूर्ण कर लिया है, वे आगामी 20 अक्टूबर तक आवास का निर्माण कार्य पूरा करें। हितग्राहियों ने भी समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने की सहमति दी। आवास चौपाल में हितग्राहियों से उनकी समस्याओं को सुना गया और आवश्यक समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। चौपाल के दौरान आवास तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अप्रारंभ एवं प्लिंथ अधूरे आवासों को इस माह तक प्लिंथ स्तर तक पूर्ण कराना। जमीनी स्तर पर आ रही अन्य समस्याओं का समाधान कर जानकारी जनपद कार्यालय को प्रेषित करना।

### पौधारोपण कर पर्यावरण का दिया संदेश



**भैसमा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा उरगा मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा मण्डल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर मिठाई वितरित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया। साथ ही सभी ने एकजुटता एवं सेवा भाव से समाज में स्वच्छता एवं हरियाली के महत्व को रेखांकित किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मण्डल अध्यक्ष किशन साव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कुलसिंह कंवर, महामंत्री पवन कंवर, संजय वैष्णव, उपाध्यक्ष हरीश साहू, कार्यक्रम संयोजक एवं मण्डल मंत्री श्रवण पाटले, सह संयोजक रामनिरंजन जायसवाल, स्वच्छता अभियान सह प्रभारी श्रीमती विमला वैष्णव, वरिष्ठ कार्यकर्ता बोधन दास, शोभाराम कश्यप, प्रदीप दास, विजय पटेल सहित मण्डल के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांसद महंत से मिले भूविस्थापितों का प्रतिनिधि मंडल



**हरदीबाजार।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत से पाली रेस्ट हाउस में हरदीबाजार भूमि अर्जन से संबंधित समस्याओं के बारे में तथा ग्रामीणों के मांग पत्र पर चर्चा करते हुए। ग्रामवासियों की समस्याओं से अवगत कराया गया तथा इस पर पहल करने का आग्रह सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत से की। इस अवसर पर हरीश परसाई, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदन राठौर, दुलेश्वरी सिदार, गोपाल यादव एवं कन्हैया राठौर उपस्थित रहे। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के द्वारा समस्याओं को गंभीरता को सुनकर समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया गया।

### भाजपा मंडल ने बस स्टैंड में की साफ सफाई



**हरदीबाजार।** भाजपा हरदीबाजार मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें हरदीबाजार बस स्टैंड, दुर्गा पंडाल के आसपास साफ सफाई कर घास, कचरा की सफाई कर उसे फेंका गया। इस आयोजन में जिला मंत्री अजय कुमार दुबे, पूर्व जिला मंत्री नरेश टंडन, जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, पूर्व महामंत्री डॉ विजय राठौर, डॉ दुर्गेश कश्यप, युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज धुर्वा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, मंडल महामंत्री अमरनाथ कौशिक, मंडल उपाध्यक्ष बजरंग यादव, कार्यक्रम प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष व्यास राठौर, मंडल मंत्री देवनाथ, अजा मोर्चा अध्यक्ष राज ओगरे, युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र अहीर, नितेश जयसवाल, शिव मरकाम, ज्ञानेंद्र कौशिक, प्रभाकर कौशिक, चैतराम बघेल, राजू पटेल आदि उपस्थित थे।

## तकिया फेंको प्रतियोगिता बनीं आकर्षण का केंद्र

# अग्रसेन जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों की दिख रही प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



प्रतियोगिता में शामिल अग्र समाज के बच्चे।

अग्रवाल नवयुवक मंडल ने एक बेहद रोचक और मनोरंजक कार्यक्रम तकिया फेंको प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस अनोखी प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभागियों को अपनी शक्ति और कला दिखाने का अवसर दिया बल्कि दर्शकों को भी भरपूर मनोरंजन प्रदान किया।

कार्यक्रम में नगर और आसपास से कुल 45 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जैसे ही प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, पूरे मैदान में उत्साह, ठहाकों और तालियों की गूंज सुनाई देने लगी। हर प्रतिभागी ने तकिये को अलग-अलग अंदाज़ और पूरी ऊर्जा के साथ फेंका, जिससे दर्शकों का जोश लगातार बढ़ता गया। प्रतियोगिता का नजारा इतना रोमांचक था कि बच्चे, युवा और बुजुर्ग सबकी नज़रें मंच पर टिकी रहीं। प्रतियोगिता में न्यायाधीश मंडल की देखरेख में एक-एक प्रतिभागी का प्रदर्शन आंका गया। कई दौर चले और हर दौर के साथ मुकाबला और भी कठिन होता चला गया। आखिरकार कड़ी टक्कर के बाद प्रथम दीक्षा अग्रवाल एवं द्वितीय स्थान काव्या अग्रवाल हासिल करने वाले विजेताओं की घोषणा की गई। विजेताओं को मंच पर बुलाकर मंडल पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें आकर्षक पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समाज में न केवल खेल भावना और उत्साह जगाती हैं, बल्कि लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का भी काम करती हैं। हमारे उद्देश्य केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हम समाज में आपसी सहयोग, भाईचारा और मनोरंजन की परंपरा को आगे बढ़ाना चाहते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर उपस्थित समाज जनों ने अग्रवाल नवयुवक मंडल की इस अनोखी पहल की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार के रचनात्मक व मनोरंजक कार्यक्रमों की उम्मीद जताई।

# गड़बड़ी की शिकायत पर शासकीय उचित मूल्य दुकान को किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- बजरंग महिला स्व सहायता समूह सिरली को अस्थायी रूप से किया गया आबंटित
- दुकान संचासलक ने वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन

शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत नोनबिर्रा के खिलाफ मिली गड़बड़ी के बाद कराई गई जांच में बिना राशन दिए फिंगर लगाए जाने की पुष्टि होने के बाद दुकान को निरस्त करने की कार्यवाही करते हुए दुकान संचालक से बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीडीएस दुकान संचालक द्वारा ग्राम पंचायत नोनबिर्रा के संबंध में प्राप्त शिकायत- बिना राशन दिए ग्रामीण से लगवाया जा रहा फिंगर बिना खाद्यान्न वितरण राशनकार्ड में की जा रही एंट्री के आधार पर तत्काल खाद्य निरीक्षक पाली से जांच कराई गई। खाद्य निरीक्षक पाली से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के संचालक संस्था ग्राम पंचायत नोनबिर्रा के संचालक विक्रेता प्रेमलाल कंवर के द्वारा माह जून से अगस्त 2025 का एकमुश्त 3 माह के चावल वितरण के लिए कुछ राशनकार्डधारियों से अंगूठा लगवाकर 2 माह जून एवं जुलाई का चावल वितरण किया गया है। खाद्य निरीक्षक पाली द्वारा 25 अगस्त को भौतिक सत्यापन में उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के चावल- 26.10 क्विंटल, नमक 10.27 क्विंटल एवं शक्कर 0.51 क्विंटल कमी होना प्रतिवेदित किया गया है। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उचित मूल्य दुकान संचालक संस्था द्वारा हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न वितरण में अनियमितता तथा भौतिक सत्यापन में पाई गई खाद्यान्न सामग्री की कमी का उक्त कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों तथा निष्पादित अनुबंध पत्रों का स्पष्ट उल्लंधन करना पाया गया। वर्तमान में उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के विरूद्ध दर्ज प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली में प्रचलित है तथा तात्कालीन उचित मूल्य दुकान संचालक संस्था ग्राम पंचायत नोनबिर्रा के विरूद्ध व्यपवर्तित खाद्यान्न के नियमानुसार वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उचित मूल्य दुकान संचालक संस्था के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा अंतर्गत वसूली नहीं होने की स्थिति में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली के द्वारा की जाएगी।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



पौधरोपण के दौरान अतिथिगण।

एक पेड मां के नाम 2.0 वृक्षारोपण सेवा पर्व अभियान वनमण्डल कटघोरा के चैतमा परिक्षेत्र अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हाई स्कूल हिन्दी माध्यम मदनपुर (रजकम्मा), विकास खण्ड पाली में एक पेड़ मां के नाम 2.0 वृक्षारोपण सेवा पर्व अभियान के तहत स्कूल प्रागंण में फलदार, छायांदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आर दूबे सीसीएफ कार्यआयोजना उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि हाईस्कूल के विद्यार्थियों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि दीलहरण कश्यप जनपद उपाध्यक्ष पाली, सरवन मरावी सरपंच ग्राम पंचायत मदनपुर, हेमलाल यदू उपसरपंच मदनपुर, कृष्णा यदू अध्यक्ष एसएफडीसी, मनमोहन दास पंच, बहोरिक कश्यप तथा स्कूल के प्राचार्य राजीव जोगी, विनोद जायसवाल व्याख्याता, श्रीमती कमुदनि राम व्याख्याता, श्रीमति कलपना कुजुर व्याख्याता एवं वन विभाग चैतमा परिक्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारी डीके कुर्रे, वाईके आडिल सीएफओ चैतमा, केके सिंह तंवर सी.एफ.ओ. राहा, वनरक्षक बलवान सिंह कुर्रे, वनरक्षक सुखमन पाटले तथा वनरक्षक सलमा पैकरा उपस्थित रहे।

# बोईदा विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा मे शासन प्रशासन के निर्देश पर प्राचार्य पूनम दुबे के संरक्षण में व राजेन्द्र कुमार नायक प्रभारी के प्रमुख मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर स्वच्छोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके प्रमुख उद्देश्य शासकीय संस्थाओं में पूर्ण स्वच्छता अपनाया जाना है। जिसमें प्रमुख रूप से स्वच्छता शपथ, स्वच्छता का महत्व वर्षा जल संरक्षण, हाथ धुलाई स्वच्छता आदतों पर छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता लेखन, चित्रकला भाषण प्रश्नोत्तरी और मॉडल तैयार करने संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजेन्द्र कुमार नायक में कहा कि छात्रों के अंदर बेहतर से बेहतर आदतों का विकास के साथ स्वच्छता के लक्षणों को प्राप्त करना हमारा परम लक्ष्य है और यही शासन प्रशासन का मंशा भी है, जिसको ऑडियो विजुअल कार्यक्रम सामग्री तैयार करके भी अधिक से अधिक छात्र छात्रों में जागरूकता लाकर समाज में संपूर्ण स्वच्छता के उद्देश्य की प्राप्ति तक स्वच्छता, स्वच्छोत्सव चलाना है। इस अवसर पर प्राचार्य पूनम दुबे, लखन लाल बंजारे, वीरेंद्र कुर्रे, राजेन्द्र कुमार नायक, देवी दयाल सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, जितेंद्र कुमार नेटी, सुनील कुमार मिश्रा, परमेश्वर राम मराठा, भाग्यश्री पांडेय, गौरव सिंह, राजेंद्र कुमार कौशिल, शिवनारायण जगत, रजनीश पाटनवार, किरण जांगड़े, श्याम मरावी, पुष्पेंद्र कंवर के साथ स्वयंसेवक छात्र-छात्रा उदय कुमार पटेल, ओमप्रकाश सोनवानी, लोकेश कुमार, बिपाशा यादव, दुर्गा पटेल, स्नेहा पटेल, दिव्या सोनवानी, सोनमत पटेल, हिना कवंर, रीना कैवर्त, किरण, संजू, अंजनी, आदित्य, राकेश कुमार पटेल, रोशन व समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# प्रदेश की टीम में खेलेंगे रितेश व लवकेश अंडर 19 कैंप के लिए खिलाड़ियों का भी चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी व अन्य।

जिले के दो खिलाड़ियों का चयन राज्य की अंडर 19 की टीम के लिए हुआ है। एचटीपीपी दर्री में रहने वाले रितेश सारथी और लवकेश के चयन से खिलाड़ियों और परिजनों में हर्ष व्याप्त है। रितेश सारथी का चयन बल्लेबाज और विकेट कीपर के रूप में हुआ है,वही ऑलराउंडर के तौर पर लवकेश का चयन किया गया है। चयनित दोनों खिलाड़ी राज्य की टीम के साथ जे.वाई लेले मेमोरियल ट्रॉफी खेलने बड़ोदरा गुजराज रवाना होंगे। उनके चयन कर कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बी.बी साहू, पर्यवेक्षक मोती पटेल (नगर कोतवाल), सचिव अखिलेश मणि तिवारी, सह सचिव जीत सिंह, कोषाध्यक्ष छतलाल यादव, विशाल दुबे, मो.वसीम, अनिल, रिंकू सोढ़ी और मीडिया प्रभारी अजय राय ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई भी दी। वही चयनकर्ता द्वारा जिले की अंडर 19 की टीम के लिए आवश्यक कैंप में चयनित खिलाड़ियों की घोषणा की है जहां कोचिंग स्टाफ में बलबीर सिंह सोढ़ी (रिंकू) और युवराज सिंह शामिल है प्रैक्टिस कैंप सीएसईबी कोरबा पूर्व स्थित मैदान में 22 सितंबर सुबह 9 बजे से किया जाएगा। कैंप में चयनित होने वाले खिलाड़ियों में कृष अग्रवाल, अनुज शर्मा, नागेश्वर भास्कर, सार्थक आचार्य, यीशु यमन, आलोक दास महंत, अनिरुद्ध बघेल, पवित्रम नायक, अतुल कुंभकार, एन साई साकेत, अमन त्रिपाठी, अंश जायसवाल, हर्षित अग्रवाल, दुर्गेश बैगा, हेमंत दास महंत, लोकेश यादव, रितेश सारथी, अमर्त्य पटेल, हर्ष अग्रवाल, प्रभांशु राठौर, ओमकार कुमार, हर्षित श्रीवास्तव, हिमांशु साहू, हितेंद्र प्रताप, डीगेश हरिपाल, मनन देवांगन, कृष्णा अग्रवाल, आकाश यादव, सैयद जुनैद, दिवेश धनवारे, अर्जुन यादव शामिल हैं।

# राष्ट्रीय वोविनाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण, 3 रजत एवं 2 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



14वीं राष्ट्रीय वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 8 से 11 सितंबर तक किया गया। कमलेश देवांगन की मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य से 32 खिलाड़यों के दल ने भाग लेते हुए कुल 22 पदक जीते साथ ही प्रणव राज सिंह, गोपाल यादव, रागिनी साहू, एवं अंजू ने राष्ट्रीय निर्णायक का भूमिका निभाया।

प्रतियोगिता में असम टीम ने 29 स्वर्ण 11 रजत और 20 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। जबकि महाराष्ट्र 24 स्वर्ण 16 रजत 18 कांस्य के साथ द्वितीय, उत्तराखंड 15 स्वर्ण 7 रजत 5 कांस्य के साथ तृतीय स्थान पर रहे। जबकि छत्तीसगढ़ टीम 6 स्वर्ण 5 रजत एवं 11 कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता में 6वां स्थान पर रही। जिनमें स्वर्ण पदक नैतिक कुमार शर्मा, देवजीत कौशिक, अमन यादव, कुमारी रागिनी, अंजू एवं मेघा माहेश्वरी ने प्राप्त किया। रजत पदक- आदित्य रंजन, जयकांत दिगराष्कर, विकास कुमार साहू, अयोना सराह शिबू, भुवनेश्वरी एवं कांस्य पदक अर्णव देवांगन, आदित्य भार्गव, अनिकेत कुमार, गोपाल यादव, रागिनी साहू, डिम्पल देशमुख, गुंजन साहू, चेतना साहू, प्रीति सोनकर, कुमकुम एवं केशव ने प्राप्त किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वोविनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रबंधकारिणी समिति से अपने निवास पर बुलाकर बधाई एवं खिलाड़ियों से जानकारी ली।

# राष्ट्रीय पोषण माह का किया गया शुभारंभ




पोषण मेला में उपस्थित विभागीय कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 17 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और सहभागिता के साथ किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 6 प्रमुख थीम निर्धारित की गई हैं मोटापे का समाधान चीनी और तेल की खपत कम करना, स्थानीयता को बढ़ावा देना, ईसीसीई-पोषण भी, पढ़ाई भी,समेकित कार्यवाही एवं डिजिटलीकरण, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार की प्रथाएं और मुख्यधारा में लाना। पोषण माह 2025 के अंतर्गत 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक प्रतिदिन गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय पोषण माह का उद्देश्य केवल कुपोषण को समाप्त करना ही नहीं है, बल्कि संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली एवं सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से प्रत्येक परिवार को पोषण-सम्पन्न बनाना है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्य, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, सहयोगी विभाग, स्वयंसेवी संस्थाएँ, महिला स्व-सहायता समूह एवं महिला मंडलियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# पीएम सूर्यघर से सूरज देगा ऊर्जा बदलेगा जिंदगी का हर कोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



**खास बात**

- सिर्फ विटामिन डी नहीं, पूरी जिंदगी में उर्जा भरती है सूर्य की रोशनी

देश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने और हर घर तक स्वच्छ, सस्ती एवं निरंतर बिजली पहुँचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल नागरिकों को बिजली बिल से हमेशा के लिए राहत दिला रही है, बल्कि परिवारों को आत्मनिर्भर बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण में भी क्रांतिकारी योगदान दे रही है। प्रदेश में इस योजना का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में अत्यंत प्रभावी और संवेदनशील ढंग से किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में सौर ऊर्जा को अपनाने की गति तेज हुई है। विशेषकर कोरबा जिले में, जहाँ पहले पारंपरिक बिजली उत्पादन पर निर्भरता अधिक थी।

देश की पावर कैपिटल कहलाने वाले जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का प्रभाव विशेष महत्व रखता है। यहाँ अनेक परिवार इस योजना का लाभ उठाकर हर महीने बचत कर रहे हैं और बिजली बिल आने जाने के झमेले से मुक्त हो रहे हैं। इन्हीं में से एक प्रेरक उदाहरण हैं नकटीखार, कोरबा निवासी रंजीत कुमार है, जिन्होंने अपने परिवार के जीवन में ऊर्जा क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया है। रंजीत कुमार जो एसईसीएल, कुसमुंडा में डंपर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं, मेहनतकश व्यक्ति हैं। हर महीने आने वाला बिजली बिल, परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें और बच्चों की पढ़ाई के खर्चों के बीच बिजली बिल अक्सर उनके बजट को बिगाड़ देते थे। यही कारण था कि जब प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत आवेदन कर इसका लाभ उठाने का निश्चय किया। दो माह पहले आवेदन करके उन्होंने अपने घर की छत पर सोलर पैनल सिस्टम लगवाया। जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए रही, 78 हजार रुपए केंद्र सरकार की सब्सिडी पहले ही मिल चुकी है। शेष राशि में उन्होंने सस्ती व आसान दर पर लोन लेकर तथा कुछ नकद भुगतान देकर किया। सिर्फ कुछ हफ्तों में ही यह निवेश उनके जीवन के लिए सबसे बड़ा वरदान साबित हुआ। पहले जहां उनके घर का बिजली बिल हर महीने एक हजारों रुपए तक पहुँच जाया करता था, वहीं अब सौर ऊर्जा से चल रहे घर का मासिक बिल मात्र 130 रुपए आ रहा है।

# यातायात पुलिस ने बैंक कर्मचारियों को सिखाए यातायात के गुर



कार्यक्रम में ट्रेफिक अधिकारियों को सम्मानित करते बैंक के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात पुलिस लगातार स्कूल सहित विभिन्न संस्थाओं में पहुंचकर लोगों को यातायात को लेकर जन जागरूकता अभियान चला रही है ताकि लोग यातायात नियमों का पालन कर सके और सड़क हादसों पर विराम लगाया जा सके।

इस कड़ी में यातायात पुलिस गुरुवार को शहर के आईसीआईसीआई बैंक पहुंची। जहां यातायात पुलिस के अधिकारियों ने ट्रेफिक अवेयरनेस को लेकर बैठक की और वहां मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को यातायात की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस की टीम लगातार सड़कों पर उतर रही है और सड़क हादसों को कैसे कम किया जा सके इस दिशा पर काम कर रही है। जहां स्कूल कॉलेज में पुलिस लगातार यातायात का पाठ पढ़ा रही है। वहीं दूसरी ओर अब सार्वजनिक उपक्रम बैंक सहित अन्य स्थानों में पहुंच रही है।

यातायात एएसआई मनोज राठौर और उनकी टीम गुरुवार को शहर के टीपी नगर स्थित आईसीआईसीआई बैंक पहुंची। जहां वहां मौजूद आइसीआइसीआइ बैंक के अधिकारी कर्मचारियों के साथ उन्हें यातायात की जानकारी दी गई और ट्रेफिक अवेयरनेस को लेकर कर्मचारियों को बताया गया कि किस तरह यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और यातायात नियमों का पालन कर किस तरह सड़क हादसों से बचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### दीपका में स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन नगर पालिका प्रांगण में केक काटकर एवं स्वच्छता दीदीयों को फल मीठा एवं साड़ी भेंट कर बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजित जन्मोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत एवं अध्यक्षता भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ पार्षद पीआईसी सदस्य अरुणीश तिवारी दादाभाई थे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर नगर की स्वच्छता दीदीयों का सम्मान करते हुए उन्हें मिष्ठान फल एवं साड़ी भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पार्षद अरुणीश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व जगत में भारत का गौरव बढ़ाया है एवं देश को स्वावलंबी बनाने में उत्कृष्ट कार्य किया है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता विशाल अग्रवाल, इंजीनियर मधुकर यादव, सुश्री प्रियदर्शनी सोनी गोविंद यादव, अनीश मोहम्मद हेमलाल बारिया, आराधना बारिया, अर्जुन राठौर, सचिन तेलम, सरसीज सोनी सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### रत्नेश बने हाईकोर्ट के अधिवक्ता



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार निवासी भाजपा जिला मंत्री नरेश टंडन के पुत्र रत्नेश सिंह टंडन ने बीएएलएलबी केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर एवं एलएलएम मुंबई से पढ़ाई करने के बाद आल इंडिया बार काउंसिल उत्तीर्ण कर सुप्रीम कोर्ट एवं बिलासपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता बने हैं। उनके अधिवक्ता बनने की ख़ुशी से उनकी माता रामेश्वरी टंडन,पिता नरेश टंडन, परिचितों एवं साथियों सहित समूचे हरदीबाजार में ख़ुशी है।

### कौशल आधारित शिक्षा से ही रोजगार के अवसर : डॉ वैष्णव

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में नवप्रवेशित छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपालन में महाविद्यालय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की संस्कृति शैक्षणिक प्रणाली अनुशासन एवं विविध गतिविधियों से उनको परिचित कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव ने जीवन में शिक्षा के महत्व और आत्मविकास पर जोर दिया। सहायक प्राध्यापक विक्रम कुमार ने महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ विभिन्न पाठ्यक्रम के अध्ययन पश्चात प्राप्त होने वाले अवसरों की भी जानकारी प्रदान करते हुए समय सारिणी व नियमों के बारे में भी अवगत कराया गया।

## सुलभ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में पहुंची महापौर

# सफाई केवल कार्य नहीं, सेवा भी है : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वास्तव में स्वच्छता एवं अच्छे स्वास्थ के बीच गहरा संबंध हैं, गंदगी एक ओर जहां हमें बीमार करती हैं, हमारे स्वास्थ को हानि पहुंचाती है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता व साफ-सफाई बीमारियों को दूर भगाकर हमें अच्छा स्वास्थ प्रदान करती है। निश्चित रूप से साफ-सफाई केवल कार्य ही नहीं है बल्कि वह महत्वपूर्ण सेवा भी है, हमारा कर्तव्य है कि हम अपने घर, गली, मोहल्ले व शहर को साफ-सुथरा रखने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाएं।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सुलभ इंटरनेशनल नगर पालिक निगम के द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम में कही। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर पालिक निगम क्षेत्र में भी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान -2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गनाईजेशन नगर पालिक निगम के द्वारा विवेकानंद उद्यान के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय परिसर में स्वच्छोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था व वहां की स्वच्छता का अवलोकन किया तथा संस्था के प्रतिनिधियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित समस्त सार्वजनिक शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप स्वच्छता बनी रहे, शौचालयों की नियमित रूप से पूर्णतः सफाई हों, इस हेतु निरंतर व्यवस्थाएं बनाए रखें। सुलभ इंटरनेशनल द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक शौचालयों में विशेष साफ-सफाई कार्य कराए गए, इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने उपस्थितजनों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई तथा शहर को साफ-सुथरा रखने, साफ-सफाई कार्यो में अपनी-अपनी सहभागिता देने का आव्हान किया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

### घंटाघर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत निगम द्वारा ओपन थियेटर मैदान, मंच, घंटाघर आदि क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, स्वच्छता ही सेवा अभियान के महत्वपूर्ण घटक क्लीन पब्लिक स्पेस अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई के कार्य करते हुए कचरे का संग्रहण व परिवहन का कार्य किया गया, उक्त अभियान में निगम के अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने सफाई कार्य कर स्वच्छता कार्यो में अपनी सहभागिता दी। इसी क्रम में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा वहां पर स्थित सार्वजनिक शौचालय की विशेष साफ-सफाई की गई। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने उक्त क्षेत्र के व्यवसायीबंधुओं से संपर्क कर उनसे अपील की कि वे अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग्स, डिस्पोजल आदि का उपयोग न करें, इसके स्थान पर वैकल्पिक साधनों को उपयोग में लाएं।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का ठेका श्रमिकों ने उठाया लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व के संयंत्र परिसर स्थित कैन्टीन में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर सहायक श्रमायुक्त नितेश विश्वकर्मा द्वारा श्रमवीर स्वास्थ्य जॉच एवं दवाई वितरण, श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता (उत्पा) सह कारखाना अधिभोगी संजीव कंसल, कारखाना प्रबंधक सुनील सरना एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (संरक्षा एवं वैधा. अनुपालन) राजेश्वरी रावत के आतिथ्य में एवं उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग विजय सिंह पोटाई, एवं श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मरकाम, श्रम कल्याण निरीक्षक विरेन्द्र राठौर, मनीष भीष्म एवं चंद्रिका महंत, कम्प्युटर ऑपरेटर गिरजा सुर्यवंशी, सहायक श्रेणी-तीन नीलिमा सारथी, ईएसआईएस चिकित्सालय से इंश्युरेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ.ओमदत्त यादव, डॉ. संजय राम चेरवा, स्टाफ नर्स आरती पटेल, अरूना राय सोने, फार्मासिस्ट उमेश कुमार मनहर, ड्रेसर अजय कुमार साहू, वार्ड ब्वाय डिगेस कुमार बरेठ एवं अनिल कुमार कर्स, ईएसआईसी चिकित्सालय से इंश्युरेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ. गार्गी, जुनियर रेसिडेन्स डॉ हरिका एवं डॉ. विजय आर, स्टाफ नर्स सुनंधा एवं फार्मासिस्ट चंचल की उपस्थिति में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का शुभारंभ हुआ।

# कंदरई में कृषक की भूमि में लगे आम बगीचे के पेड़ों को काटा, दूसरे प्रांत में बेचने की तैयारी

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कंदरई निवासी कृषक मस्त राम बिझिया के निजी भूमि खसरा नंबर 1960/1 रकबा 0.22 में स्थित आम के बगीचे में लगे दर्जन भर से अधिक हरे भरे विशालकाय आम पेड़ो को उत्तरप्रदेश के लकड़ी व्यवसाई ने पखवाड़े भर पूर्व कटवा दिया है और अब कटी लकड़ियों को यूपी ले जाने की तैयारी है।चार पांच दशक पूर्व का आम बगीचा पेड़ो के कट जाने से उजाड़ और वीरान हो गया है।

मामले की जानकारी जब वन विभाग के जयनगर सर्किल इंस्पेक्टर से ली गई तो उन्होंने बताया कि पेड़ो की कटाई के लिए एसडीएम से विधिवत अनुमति ली गई है तब पेड़ो को काटा गया है।अब काटे गए आम पेड़ के लट्ठों और जलावन को ले जाने प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। लट्ठों की टीपी कटेगी, हैमबर लगेगा उसके बाद संबंधित खरीददार लकड़ियों को बाहर ले जाएगा।बताया जाता है कि उत्तरप्रदेश सहारनपुर के हिंदुस्तान टिंबर द्वारा कृषक से सीधे संपर्क कर उसके निजी भूमि पर लगे दर्जन भर से अधिक विशालकाय आम पेड़ो की खरीदी कर पेड़ो की कटाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर से अनुमति प्राप्त कर पखवाड़े भर पहले पेड़ो की कटाई कराया और अब कटे पेड़ो के लट्ठों लकड़ियों को ले जाने की तैयारी है।

बता दें कि पूरे सरगुजा संभाग में इन दिनों हरे भरे पेड़ो की अवैध तरीके से कटाई का कार्य जोर शोर से जारी है।दीगर प्रांतों के लकड़ी माफियाओ की संभाग में सक्रियता से घने पेड़ पौधों से आच्छादित सरगुजाअंचल अब तेजी से वीरान हो रहा है।एक ओर खदान खोलने के नाम पर सैकड़ों एकड़ में लगे जंगलों की कटाई तेजी से की जा रही है।समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगा तो आगे स्थिति और भयावह होगी।इस संबंध में सूरजपुर वन मंडला अधिकारी पंकज कमल ने बताया कि निजी भूमि पर लगे पेड़ो की कटाई की अनुमति एसडीएम स्तर पर दी जाती है,उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।



### ओजोन दिवस रासेयो ने चलाया जनजागरूकता अभियान

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा में संरक्षक प्राचार्य चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे ब्यख्याता जीवविज्ञान कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ईको क्लब प्रभारी के मार्गदर्शन सहयोगी चंद्रमुखी साहू हेल्थकेयर टीचर के सहयोग से विद्यार्थी स्वंय सेवक दीपा, दीपांजलि, ज्योति, रीना,मनोरमा रश्मि, अफसाना, रूखसाना,सोनिया, पंकज इत्यादि स्वंय सेवक ने चित्रकला, नारा लेखन, स्लोगन, निबंध लेखन,वृक्षारोपण से ओज़ोन दिवस पर ओज़ोन संरक्षण के लिए जागरूकता संदेश दिया वीरेन्द्र कुमार बंजारे ब्यख्याता कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि विश्व ओजोन दिवस की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक पृथ्वी के संरक्षण के लिए वायु प्रदूषण से ओजोन परत में छिद्र का मुख्य कारण क्लोरोफ्लोरोकार्बन नामक मानवीय निर्मित गैसें हैं। ये गैसें रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और एरोसोल जैसे उत्पादों से निकलती हैं, और जब ये समताप मंडल में पहुँचती हैं, तो क्लोरीन परमाणुओं को मुक्त करती हैं जो ओजोन को नष्ट कर देते हैं। ओज़ोन क्षरण के व्यापक प्रभाव भी हैं, जिनमें मौसम प्रणालियों में गड़बड़ी और वैश्विक जलवायु में बदलाव शामिल हैं। ओज़ोन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए एक प्रयास करें।




# ओजोन परत के संरक्षण के लिए हम सभी को करना होगा सामूहिक प्रयास : श्रीवास्तव



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ओजोन परत पृथ्वी की सुरक्षा कवच है। सूर्य से उत्सर्जित पराबेंगनी विकिरणों के दुष्प्रभाव से बचाने वाली ओजोन परत के संरक्षण के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस 16 सितंबर के अवसर पर मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। श्री श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित जनसमूह से ओजोन परत के संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करने और पृथ्वी को जीवन के अनुकूल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। हसदेव ताप विद्युत संयंत्र में अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके कुरनाल उपस्थित रहे। पॉली रसायनज्ञ अनिल तिवारी द्वारा पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए ओजोन परत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं उसके बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। ओजोन पृथ्वी की सुरक्षात्मक परत है, जो पृथ्वी को हानिकारक पराबैंगनी विकिरण से बचाती है। यह पारिस्थितिक तंत्र और मानव स्वास्थ्य की रक्षा करती है। परबैंगनी विकिरण सीधे धरती पर पड़े तो इंसानों में त्वचा कैंसर, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसी कई तरह की गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। कर्मचारियों द्वारा अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाने व निजी स्वार्थ को त्याग कर ओजोन परत के संरक्षण का संकल्प लिया गया। ओजोन परत संरक्षण विषय पर नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान लक्ष्मी प्रसाद साहू, सुरेश कुमार कंवर, भूपेंद्र सुधाकर, कार्तिक दास महंत, रीना तिग्गा, चांदनी सोनी, विकास उइके सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**खास बात**

- अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर एचटीपीएस में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# हम कहीं भी रहें अपनी संस्कृति मातृ भाषा को न भूलें : डॉ पाठक



कार्यक्रम में उपस्थित मंचस्थ अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में 12सितंबर को शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ विनय पाठक कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार रहे। कार्यक्रम की अध्क्षता डॉ राघवेंद्र दुबे प्रांतीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य प्रकाशन अकादमिक बिलासपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बोधराम कंवर पूर्व विधायक व संस्थापक महाविद्यालय हरदीबाजार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्योतिनंद दुबे पूर्व राज्य खाद्य आयोग, डॉ गजेंद्र तिवारी शिक्षा विद संचालक छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल पाली एवं शिक्षा विद अजय दुबे, दिलीप राठौर सांसद प्रतिनिधि एवं संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनिल पांडे, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय मंचस्थ रहे।

कुलपति डॉ विनय पाठक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी मात्र भाषा एक होती है जैसा हमारी मां एक होती है उसका स्थान और कोई नहीं ले सकता कालांतर में जो शिक्षा पद्धति थी वो अब समय के साथ परिवर्तित हुआ जरुर है लेकिन आज भी अंग्रेजी के बहुत से शब्द हमारे संस्कृति से हमारी मात्र भाषा से लिए गए हैं, चाहे हम कभी भी रहे हमारी संस्कृति व मात्र भाषा को न भूलें। कार्यक्रम को डॉ राघवेन्द्र, ज्योति नंद दुबे, अजय दुबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रो अशोक मिश्रा, डॉ केके दुबे, प्रो महेश वर्मा, प्रो अंजली कंवर, प्रो एस कृष्ण मूर्ति, डॉ अर्चना बोरकर, डॉ रानू राठौर, डॉ अनु रमन, डॉ ऊषा गुप्ता, वहीं मंच का सफल संचालन वरिष्ठ प्रो सत्यशर्मा ने किया जहां छात्रों में शुभम सिंह, साक्षी राठौर, अखिलेश सिंह, साहिल नामदेव नका विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आईटीआई पाली में प्रवेश हेतु पंजीयन कल तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली में प्रवेश सत्र 2025-26, 2025-27 के लिए संचालित एनव्हीटी व्यवसाय-कोपा, फिटर, मोटर मेकेनिक और वेल्डर में प्रवेश उपरांत शेष बचे हुए सीटों के लिए 21 सितंबर तक आवेदन के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा जारी विभागीय वेबसाइट पर जाकर आनलाइन फार्म भर सकते हैं।

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL INSPIRING BETTER HEALTH

सितंबर 2025
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची

20 सितंबर 2025 (शनिवार) — डॉ. रौनक कलवानी (प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जन)
26 सितंबर 2025 (शुक्रवार) — डॉ. कुंवर सिद्धार्थ सौरभ (वैस्कुलर एवं एंडोवैस्कुलर सर्जन)
28 सितंबर 2025 (रविवार) — डॉ. राजेश गौतम (किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. अनिल कुमार चौहान (शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ)

आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

### पृष्ठ 1 का शेष

#### परिजनों ने शादी...

पर पहुंचे और ट्यूब की मदद से नदी के बीचों-बीच फंसे राहुल नामदेव को बाहर निकालने की कवायद शुरू की लेकिन पानी की तेज बहाव इतना तेज था कि वह निकालने में सफल नहीं हुए। इसके उपरांत इसकी सूचना एसडीआरएफ टीम को दी गई। जब एसडीआरएफ की ट टीम वाटर बोट लेकर पहुंची जिसके बाद नदी के बीचोंबीच फंसे युवक राहुल नामदेव को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जहां पुलिस ने उसका बयान लेने के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं देर शाम तक शीलू त्रिपाठी का कुछ पता नहीं चल पाया है। जिससे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



## खबर संक्षेप

### अपोलो के 44 हॉस्पिटल्स में कोयला कामगारों को मिलेगी इलाज की सुविधा

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड और अपोलो हॉस्पिटल्स के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के तहत कोयला कर्मचारियों और सेवानिवृत्त को भी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। एमओयू के दौरान सीआईएल के निदेशक (मानव संसाधन), डॉ. विनय रंजन, अपोलो हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डॉ. पी.सी. रेड्डी, प्रबंध निदेशक सुश्री सुनीता रेड्डी की उपस्थित रही। इस समझौते की खास बात यह है कि सीजीएचएस दर के बजाय टैरिफ आधारित बिलिंग पर इलाज होगा। यानी किसी को लौटना नहीं पड़ेगा। अपोलो के 44 हॉस्पिटल्स में इलाज की सुविधा मिलेगी। सीआईएल प्रबंधन ने कहा कि कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य सेवा और कल्याण को मज़बूत करने के उद्देश्य से अपोलो हॉस्पिटल्स के साथ एक ऐतिहासिक सहयोग पर गर्व है। यह साझेदारी विश्वस्तरीय चिकित्सा देखभाल, निवारक स्वास्थ्य सेवाओं और कल्याण पहलों को प्रदान करने में एक नया अध्याय जोड़ती है। अपोलो हॉस्पिटल्स के दूरदर्शी नेतृत्व में यह पहल कॉर्पोरेट स्वास्थ्य सेवा में नए मानक स्थापित करेगी।

### इंग्लिश राधेय विद्यापीठ मीडियम स्कूल में मनाया गया हिन्दी दिवस



**दीपका।** झाबर इंग्लिश राधेय विद्यापीठ मीडियम हाई स्कूल झाबर प्रांगण में हिंदी दिवस का आयोजन हुआ। यह समारोह देश की राजभाषा हिंदी को समर्पित था। हिंदी दिवस की शुरुआत हिंदी विषय की शिक्षिकाएं श्रीमती शशि उइके एवं अर्चना शर्मा ने हिंदी भाषा का महत्व और हिंदी दिवस मनाएं जाने के इतिहास से सभी छात्रों को अवगत करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रियांशी आयाम, विवेक चंद्रा, रिज़वान अंसारी, दिव्या मरकाम, अर्शिका तिग्गा, ने हिंदी की विभिन्न कविताओं की प्रस्तुति दी। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ममता मनहर ने हिंदी दिवस के महत्व के बारे में बताया कि 14 सितम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में दर्जा दिया था इसलिए प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के संचालय राधेश्याम मनहर ने कहा कि हम सभी मिलकर हमारी हिंदी भाषा को और भी मजबूत बनाएंगे।

### शासकीय जमीन पर कब्जा, लोगों ने की कलेक्टर से की शिकायत

**कोरबा।** पूरे प्रदेश भर में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा का चलन जोरों पर है आये दिन सुनने और देखने को मिलता रहता है कि लोग शासकीय जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा के संबंध में राजस्व अधिकारियों से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक शिकायत करते रहते हैं और शासन प्रशासन की ओर से शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही भी करती हैं फिर भी अवैध कब्जा धारी लोग अपनी हरकतों से बाज नही आते हैं और खाली पड़े शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा शुरू कर देते हैं! कोरबा तहसील के ग्राम रोकबहरी के स्थानीय व्यक्ति भागवत प्रसाद साहू ने गाँव के मतदान केंद्र के पास खाली पड़े शासकीय जमीन को बलपूर्वक अवैध कब्जा कर रहा है! पहले भी इसके द्वारा उस जमीन को अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया था स्थानीय लोगों ने जिसकी शिकायत अनुविभागिय अधिकारी राजस्व कोरबा से किया था जिस पर तत्कालीन हल्का पटवारी द्वारा मौका पर जा जांच पड़ताल किया गया और अवैध कब्जा धारी भागवत प्रसाद साहू को शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा करने से मना किया गया था और उसके द्वारा कर रहे निर्माण कार्य को रोकवाया गया था लेकिन फिर से उसी जमीन पर उसके द्वारा बलपूर्वक अवैध कब्जा किया जा रहा है!

## कीर्तन यात्रा का स्वागत...





**कोरबा।** सिक्ख पंत के 9वें गुरू तेगबहादुर साहेब की 350वीं शहीदी शताब्दी के पावन अवसर पर असम के गुरूद्वारा डूबरी साहिब से शुरू हुई धार्मिक यात्रा गुरूवार को शहर पहुंची। जहां नगर कीर्तन और संगत द्वारा धार्मिक यात्रा का टीपी नगर गुरूद्वारा में स्वागत किया गया। दूसरे दिन यह यात्रा 23 नवंबर को आनंदपुर साहिब पंजाब पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा।

### चार माह से खाद्य विभाग में चल रहा है आबंटन का कार्य

# ग्रामीण अंचलों में नई पीडीएस दुकान खोलने की रफ्तार धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते चार माह से खाद्य विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नई पीडीएस दुकान खोले जाने का कार्य चल रहा है, पर अब तक दूरस्थ क्षेत्रों में पीडीएस दुकान नहीं शुरू हुई है। शहरी क्षेत्र के पीडीएस दुकान संचालकों के द्वारा ग्रामीण अंचल के लोगों की समिति बनाकर उनको भी हथियाने का काम शुरू कर दिए हैं। कई समितियों के आवेदनों को विभाग में बैठे अफसर आपत्ति दर्ज कराकर निरस्त करते जा रहे हैं।

**खास बात**

- समितियां बनाकर गांव की दुकानें हथियाने के लिए सक्रिय हैं शहरी क्षेत्र के राशन दुकानदार

जिले में 407 पीडीएस दुकानें संचालित हैं, जिनमें शहरी क्षेत्र के 60 दुकानें और 347 दुकानें ग्रामीण अंचलों में हैं। जबकि 400 ग्राम पंचायतें है और 712 गांव हैं। इसके बावजूद लंबे समय से पीडीएस दुकानों की संख्या नहीं बढ़ाई गई थी। विभागीय अधिकारियों के द्वारा उदासीनता बरते जाने के कारण पारे टोले के ग्रामीणों को खाद्य सामाग्री लेने के लिए 10 से 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मुख्यालय आना पड़ता था। उनकी समस्याओं को देखते हुए इस वर्ष मई माह में खाद्य विभाग ने ग्रामीण अंचलों के उन ग्राम पंचायतों में नई पीडीएस दुकान खोले जाने की योजना तैयार की और उसकी सूची जारी कर सहकारी उपभोक्ता भंडार, महिला स्व सहायता समूह व आदिवासी सेवा सहकारी समितियों से आवेदन मांगे गए थे। कई समूहों ने खाद्य विभाग में आवेदन जमा किए इसके साथ ही यह भी शिकायत सामने आने लगी कि खाद्य विभाग ने दुकानों के आबंटन को लेकर जानबूझकर नए मापदण्ड बनाकर पक्षपात पर काम किया जा रहा है, तब से लेकर आज तक ग्रामीण अंचलों में खोले जाने वाली नई पीडीएस दुकानों का संचालन सही रूप से शुरू नहीं होने के कारण अभी भी दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को खाद्यान्न सामाग्री लेने के लिए लंबी दूरी का सफर तय करना पड़ रहा है।




फाइल फोटो

**खाद्यान्न सामाग्री के वितरण में होता है खेल**

ग्रामीण अंचलों में पीडीएस दुकानों का संचालन आदिवासी सेवा सहकारी समिति, ग्राम पंचायत व महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में जितनी दुकाने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित है उन सभी का संचालन इन्हीं संस्थाओं के माध्यम से होता है। इनमें समूह एवं पंचायतों के द्वारा संचालित पीडीएस दुकानों में खाद्य सामाग्रियों के वितरण में गड़बड़ी का खेल खेला जाता है। कई हितग्राहियों को उनके प्रतिमाह मिलने वाला खाद्यान्न नहीं मिलता और उनका फिंगर प्रिंट पीडीएस दुकान में दर्ज हो जाता है। खाद्य विभाग के अंतर्गत जितनी दुकानें चल रही है उनमें से अधिकांश दुकानों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जांच चल रही है। कुछ महिला समूहों की दुकानें निरस्त कर उनके मामले पुलिस को सौंपी गई है। इनमें पाली विकासखंड की दो पीडीएस दुकान प्रमुख रूप से शामिल हैं, जिसमें खाद्यान्न घोटाला हुआ था।

**अतिरिक्त आबंटन के बाद दोबारा भंडारण**

पीडीएस दुकानों में खाद्य भंडारण को लेकर यह भी जानकारी समाने आई कि पीडीएस दुकानों में एक्सेस खाद्यान्न होने के बाद भी दोबारा आबंटन कर दिया गया है। यही से खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ियां हुई है, फिलहाल इनकी प्रारंभिक जांच चल रही है। दुकानों में एक्सेस खाद्यान्न होने के बावजूद विभाग की ओर से खाद्यान्नों का दोबारा आबंटन करने के कारण शासन को शासकीय राशि का नुकसान भी हुआ है। कई दुकान संचालक एपीएल कोटे के चावल का पैसा ही जमा नहीं करते। जिसके कारण खाद्यान्न रोकने की कार्यवाही भी हो जाती है।

## महिला पुलिस कर्मी से मारपीट करने वाली को मिली जुर्माने की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन साल पूर्व एक महिला ने महिला पुलिस कर्मी के साथ थाने में हुज्जतबाजी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में मारपीट करने वाली महिला को न्यायालय उठने तक खड़े रहने की सजा व 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022 में सिविल लाइन थाना रामपुर में रात्रि लगभग 11 बजे महिला आरक्षक ज्योति यादव से मारपीट करने वाले आरोपिया इंदु चंद्रा उर्फ इंदिरा चंद्रा को माननीय न्यायालय द्वारा अपराध सिद्ध पाए जाने पर दंडित किया गया है। घटना 3 वर्ष पूर्व का है आरोपिया इंदु चंद्रा उर्फ इंदिरा चंद्रा अपने पूर्व प्रेमी के विरुद्ध बलात्कार करने संबंधी रिपोर्ट करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के बाद बार बार वापस ले लेती थी, कुछ दिन बाद फिर से आवेदन देती थी। दरअसल उसका उद्देश्य अपने पूर्व प्रेमी से 3 लाख रुपए उगाही करने का था, कुछ रकम मिलने पर शपथ पत्र देकर शिकायत वापस ले लेती थी। 27 जून 2022 को रामपुर पुलिस के द्वारा एफआईआर भी लिखा गया था। जिस पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दी थी। अगले दिन फिर से आवेदन वापस लेने संबंधी आवेदन प्रस्तुत की थी।

25 जुलाई को रात्रि में लगभग 11 बजे इंदु चंद्रा थाना सिविल लाइन रामपुर में आकर मेरा रिपोर्ट क्यों नहीं लिख रहे हो कहकर थाना में उपस्थित पुलिस कर्मियों से झगड़ा कर रही थी। मना करने पर महिला आरक्षक ज्योति यादव के साथ गाली गलौच मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। महिला आरक्षक ज्योति यादव के रिपोर्ट पर आरोपिया इंदु चंद्रा उर्फ इंदिरा चंद्रा के विरुद्ध धारा 186, 353, 332, 294 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया था। जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन साक्षियों के कथन को अखंडित एवं घटना को सही मानते हुए आरोपिया को न्यायालय उठने तक का सजा एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## कटघोरा में हाथी लगातार मचा रहे हैं उत्पात, फसल कर रहे चौपट



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में काफी दिनों तक सक्रिय रहने के बाद हाथियों का झुण्ड अब पसान रेंज के तनेरा सर्किल पहुंच गया है। इस झुण्ड में 54 की संख्या में हाथी बताए जा रहे हैं, जो यहां पहुंचने के साथ जंगल में डेरा डाल दिया है। हाथियों का झुण्ड दिन भर यहां विश्राम करने के बाद रात में निकलता है, फिर खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह सिलसिला विगत तीन दिनों से क्षेत्र में जारी है जिससे ग्रामीण तथा वन विभाग का अमला काफी परेशान है, जहां वन अमला हाथियों की निगरानी करने के साथ इसे आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचने से रोकने पर बल दे रहा है। वहीं ग्रामीण अपनी फसल तथा जानमाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बीती रात हाथियों के झुण्ड ने सरमा गांव में पहुंचकर बड़ी संख्या में फसल को रौंद दिया। इस बीच मरवाही से धमके दंतैल हाथी ने पसान सर्किल में लगातार उत्पात मचाकर ग्रामीणों तथा वन विभाग के नाकों में दम कर रखा है। दंतैल हाथी दिनभर जंगलों में विचरण करने के बाद रात को पुनः पसान क्षेत्र में पहुंच जाता है और यहां पहुंचकर या तो किसी की बाड़ी को उत्पात मचाने के साथ उजाड़ दे रहा है या मकान को निशाना बना रहा है। कभी-कभी बस्ती में घुसकर लोगों में दहशत पैदा कर देता है।

## हैवी ब्लास्टिंग से दहल उठा हरदीबाजार लगातार चार बार हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

दीपका कोयला खदान में प्रतिदिन दोपहर को हो रही हैवी ब्लास्टिंग से हरदीबाजार में निवास करने वाले लोगों के लिए दहशत का पर्याय बन चुका है। खदान में हुए हैवी ब्लास्टिंग की वजह से पूरा जमीन, मकान दहल उठा, मकानों में निवासरत लोग घरों से बाहर निकल गए।

ज्ञात हो कि एक ओर दीपका प्रबंधन खदान विस्तार के लिए हरदीबाजार का अधिग्रहण कर चुका है और मकान परिसंपत्तियों की नापी सर्वे की जबरदस्ती भी दो बार कर चूका है। जिसका डट कर विरोध ग्रामवासियों ने किया और एसईसीएल के अधिकारियों को खदेड़ दिया। शयाद इसी का दूष्परिणाम है कि एसईसीएल सब जानते हुए भी कि खदान आबादी क्षेत्र के नजदीक पहुंच गया तो खदान में ब्लास्टिंग की तीव्रता को कम करें लेकिन इसके ठीक विपरीत दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन करने में बेसुध होकर गुरुवार की दोपहर 2.30 बजे लगातार चार हैवी ब्लास्टिंग की जिससे हल्की बारिश होने के बावजूद भी इतना ब्लास्टिंग के बाद धुल का गुब्बारा उठा आप इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि इसकी तीव्रता कितनी रही होगी। ग्रामीणों का एसईसीएल दीपका प्रबंधन को सीधा-सीधा दो टूक कह दिया है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन हैवी ब्लास्टिंग करना बंद करें अन्यथा हम सभी ग्रामवासियों को खदान बंद करना न पड़े जिसकी संपूर्ण जवाबदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन की होगी। बार बार हरदीबाजार में हैवी ब्लास्टिंग से क्षति पहुंच रही है उसके बाद भी सबक नहीं ले रही है।

## ग्रामीण ने सांप को डंडे से मारा, थोड़ी देर बाद ग्रामीण की भी हो गई मौत

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत कपाटमुडा में रहने वाले 40 वर्षीय जयपाल पटेल की सांप काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की रात घर में सो रहे जयपाल पटेल ने अपने आसपास एक जहरीले करैत सांप को देखा। जिसे पहले डंडे से मारकर घर के बाहर फेंक दिया। फिर सोने चला गया। सुबह उसे बेचैनी होने लगी आनन फानन में डायल 112 को कॉल किया गया परन्तु डायल 112 के आने से पहले ही उसकी मौत हो गई। संभावना जताई जा रही है कि मृत व्यक्ति को सोते समय घोड़ा करैत ने डसा होगा लेकिन उसके काटने पर दर्द और निशान का पता नहीं चलता जिसके कारण व्यक्ति को पता ही नहीं चला होगा पर जब नजर पड़ी तो सांप को मारने के पश्चात वो सो गए और सुबह तक जयपाल के शरीर में सर्प का जहर फैल गया होगा जिससे उसकी मौत हुई होगी।





# दशहरा अवकाश के बाद आत्मानंद स्कूल को मिलेंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 15 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सितंबर महीने के अंतिम सप्ताह में चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित कर दशहरा अवकाश के बाद स्कूलों में नए शिक्षक और अन्य पदों के लिए चयनित कर्मचारी पदस्थ कर दिए जाएंगे। बीते तीन वर्ष से भर्ती प्रक्रिया विभिन्न कारणों की वजह से लटकी हुई थी।

आत्मानंद स्कूलों के पढ़ाई व्यवस्था लंबे समय से शिक्षकों की कमी के कारण प्रभावित हो रही थी। कोरबी और पसान के आत्मानंद स्कूल के छात्रों को शिक्षकों की मांग को लेकर सड़क पर उतरना पड़ गया था। बीते 3 वर्ष से भर्ती प्रक्रिया लटकी होने के कारण 15 आत्मानंद स्कूलों को शिक्षक सहित अन्य स्टॉफ की समस्या से जूझना पड़ रहा था। अब जाकर शिक्षा विभाग ने आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों और स्टॉफ के रिक्त पदों के लिए पुराने आवेदनों से भर्ती प्रक्रिया पूरी करते हुए चयनित सूची जारी कर दावा आपत्ति भी अभ्यर्थियों से मंगाए गए हैं। जिनका निराकरण करने के बाद शनिवार तक साक्षात्कार की तिथि तय कर ली जाएगी और उसके बाद अक्टूबर माह में स्कूलों में नए शिक्षकों की पदस्थापना का आदेश जारी कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा के पहले ही स्कूलों के उनके शिक्षक मिल जाएंगे। जिले में 15 स्थानों में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है। जिनमें दो स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता भी मिल गई है। शेष 13 स्कूलों के छात्र सीजी बोर्ड से संबंधित हैं।




**साक्षात्कार की तिथि तय की जा रही है**

भर्ती प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। पुराने आवेदनों से ही चयन की प्रक्रिया की गई है। दावा आपत्ति मंगाए गए थे, उसके बाद चयन किया गया है और एक दो दिन में साक्षात्कार की तिथि भी तय कर दी जाएगी।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

**चार हजार मिले थे आवेदन**

भर्ती प्रक्रिया के लिए शिक्षा विभाग ने जब 2022 में 120 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू तो उस दौरान 4 हजार आवेदन मिले थे, लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से भर्ती की प्रक्रिया अटकी रही। कभी विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव, नगरीय और पंचायत चुनाव की वजह से ये भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी। अब जाकर इसे पूरी कर लिया गया है, लेकिन अभ्यर्थियों का चयन पुराने 4 हजार आवेदनों में से ही किया गया है।

